प्रिय विद्यार्थियों

आप को सूचित करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2022–2023 के बिंदु संख्या 317.0.0 के तहत बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना लागू की गई है। जिस के अनुसार वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा व प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को प्रवेश के समय वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा निर्धारित शुल्क देना होगा। उसका पुनर्भरण (Reimbursement) विद्यार्थी को HTE पोर्टल (राजस्थान सरकार) पर DE–TE श्रेणी के तहत छात्रवृत्ति/शुल्क के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर राज्य सरकार द्वारा किया जावेगा।

योग्यता–इस योजना का लाभ उठाने के लिए निम्नलिखित योग्यता निर्धारित की गई है–

01. किसी भी तरह की आयु सीमा नहीं है।
02. इस योजना के लिए वही महिलाएं/बालिकाएं पात्र है, जो राजस्थान के मूल निवासी हैं।
03. यह योजना केवल दूरस्थ शिक्षा के लिए है।
04. यदि कोई महिला विद्यार्थी राज्य सरकार की अन्य योजना से छात्रवृत्ति ले रही हैं, वे इसके लिए पात्र नहीं होंगी।

इच्छुक व पात्र विद्यार्थी शीघ्र वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कार्यक्रम में आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाये। प्रवेश की अंतिम तिथि 11 नवम्बर, 2022 है।

ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक है – https://online.vmou.ac.in/OnlineAdmission.aspx